**CCJSW**

# असाइनमेंट 2026–2027

**आपराधिक न्याय समाज कार्य में प्रमाणपत्र (CCJSW)**

**ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA)**

**MSW-131 | MSW-132 | MSW-133 | MLE-016**

दिसम्बर 2026 एवं जून 2027 की सत्रांत परीक्षाओं के लिए लागू

समाज कार्य विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

## असाइनमेंट जमा करने संबंधी निर्देश: 2026–2027

प्रिय विद्यार्थी,

हम आशा करते हैं कि आपने आपराधिक न्याय समाज कार्य में प्रमाणपत्र (CCJSW) की प्रोग्राम गाइड को ध्यानपूर्वक पढ़ा होगा। उसमें यह स्पष्ट किया गया है कि सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र बनने हेतु निर्धारित समय के भीतर असाइनमेंट पूरा करना आवश्यक है। CCJSW के सभी असाइनमेंट ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA) हैं और सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जुलाई 2026 और जनवरी 2027 सत्रों में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए MSW-131, MSW-132, MSW-133 और MLE-016 पाठ्यक्रमों के अलग-अलग असाइनमेंट दिए गए हैं।

**असाइनमेंट लिखने से पहले पाठ्यक्रम सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** पाठ्यक्रम या असाइनमेंट से संबंधित किसी भी शंका अथवा समस्या के लिए अपने अध्ययन केंद्र के संबंधित अकादमिक काउंसलर से संपर्क करें। आपसे अपेक्षा की जाती है कि पहले पाठ्यक्रम सामग्री का अध्ययन करें और उसके बाद असाइनमेंट तैयार करें। असाइनमेंट तैयार करने संबंधी निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। आपके उत्तर स्व-अध्ययन के लिए उपलब्ध पाठ्य-सामग्री/ब्लॉकों की शब्दशः पुनरावृत्ति नहीं होने चाहिए।

**असाइनमेंट हस्तलिखित होना चाहिए और शिक्षार्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। प्रथम पृष्ठ पर पाठ्यक्रम का नाम, पाठ्यक्रम कोड, विद्यार्थी का नाम, नामांकन संख्या आदि विवरण अवश्य दिए जाने चाहिए।**

निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपना असाइनमेंट आपको आवंटित अध्ययन केंद्र पर जमा करें और उसकी रसीद प्राप्त करें। **भविष्य के संदर्भ/उपयोग के लिए प्रत्येक असाइनमेंट की एक प्रति अपने पास रखना अपेक्षित है।**

**असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से www.ignou.ac.in देखें।**

उपरोक्त निर्धारित समय-सीमा के भीतर असाइनमेंट पूरा करने के लिए आपको शुभकामनाएँ।

डॉ. बिनोद कुमार
कार्यक्रम समन्वयक
ईमेल: binodkumar@ignou.ac.in
ccjswinfo@ignou.ac.in

# आपराधिक न्याय शोध एवं पक्षसमर्थन

पाठ्यक्रम कोड: MLE-016

अधिकतम अंक – 100

## भाग–A

निम्नलिखित में से किसी चार प्रश्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: (4×10 = 40)

1. प्राकृतिक विज्ञान-आधारित प्रत्यक्षवाद।
2. खाँचाबद्ध वर्गीकरण (Pigeonholing)।
3. शिकायतें लिखना।
4. तलाशी वारंट।
5. पक्षसमर्थन (Advocacy)।

## भाग–B

निम्नलिखित में से किसी चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (4×15 = 60)

6. सिद्धांतपरक (Doctrinal) अनुसंधान के प्राथमिक स्रोत कौन-कौन से हैं? चर्चा कीजिए।
7. एक अच्छी सामाजिकमितीय (Socio-metric) मापनी की विशेषताओं की चर्चा कीजिए।
8. प्रत्यक्ष साक्ष्य और पुष्टिकारक साक्ष्य में क्या अंतर है? चर्चा कीजिए।
9. सफल पक्षसमर्थन (Advocacy) के तत्वों की चर्चा कीजिए।
10. राष्ट्रीय महिला आयोग की शक्तियों एवं कार्यों की चर्चा कीजिए।